**न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।**

निष्पादन वाद संख्या 723/2022 (पुराना नंबर 75/2017)

मैसर्स श्रीराम ट्रांस्पोर्ट फाइनेंस कंपनी लि. बनाम आसीफ नसीम सिद्दकी और अन्य

**दिनांकः 07-07-2025**

वाद पुकारा गया। डिक्रीदार के विद्वान अधिवक्ता श्री सुबोध कुमार के जूनियर श्री आशीष एडवोकेट उपस्थित है। निर्णीतऋणीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं हैं।

डिक्रीदार द्वारा अन्य तिथि प्रदान करने हेतु प्रार्थना पत्र कागज संख्या 48 ग इस आधार पर प्रस्तुत किया गया है कि डिक्रीदार के अधिवक्ता बीमार होने के कारण कचहरी नहीं आ पाये है इसलिए उपरोक्त इजराय में प्रति आपत्ति दाखिल करने हेतु अन्य तिथि प्रदान करने की कृपा की जाये।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

वर्तमान मामले में दिनांक 29-11-2024 को निर्णीतऋणी संख्या 1 द्वारा निष्पादन प्रार्थना पत्र के विरूद्ध आपत्ति कागज संख्या 42 ग प्रस्तुत की गई है तथा दिनांक 29-11-2024 से ही डिक्रीदार के अधिवक्ता निर्णीतऋणी संख्या 01 द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त आपत्ति के विरूद्ध प्रतिआपत्ति प्रस्तुत करने हेतु स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं, किन्तु अभी तक डिक्रीदार द्वारा उक्त आपत्ति के विरूद्ध प्रतिआपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। मामला सन 2017 से लम्बित है तथा पत्रावली एक्शन प्लान में शामिल है। अतः डिक्रीदार द्वारा प्रतिआपत्ति दाखिल करने हेतु अन्य तिथि प्रदान करने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र कागज संख्या 48 ग इस शर्त के साथ स्वीकार किया जाता है कि यदि अगली तिथि पर डिक्रीदार द्वारा उक्त आपत्ति के विरूद्ध प्रतिआपत्ति प्रस्तुत नहीं की जाती है तो निर्णीतऋणी द्वारा प्रस्तुत आपत्ति पर सुनवाई कर विधिनुसार आदेश पारित किया जायेगा तथा उक्त आपत्ति पर प्रतिआपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आगे डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत कोई स्थगन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। पत्रावली दिनांक 21-07-2025 को आपत्ति कागज संख्या 42 ग के निस्तारण हेतु पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2025.07.07 16:56:54 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court